दिनांक—16.08.2024
समय—7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :—

- भारतीय अंतरीक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो आज सुबह करेगा अर्थ आब्जर्वेषन उपग्रह का प्रक्षेपण।
- मुख्यमंत्री ने आजादी का महापर्व कार्यक्रम में प्रदेष के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित किताबों का किया विमोचन।
- जिला से लेकर ग्राम स्तर तक स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- अटल बिहार वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आज देष और प्रदेष में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

## इसरो— सैटेलाइट

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो आज अपने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल — एस एस एल वी से अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट का प्रक्षेपण करेगा। प्रक्षेपण की प्रक्रिया सुबह 9 बजकर 17 पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुरू होगी। इस के साथ ही स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के विकास की परियोजना का कार्य पूरा हो जाएगा और यह छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए सेवा देने में पूरी तरह से सक्षम हो जाएगा।

पीएसएलवी की तुलना में 10 मीटर छोटे रॉकेट — एस एस एल वी का इस्तेमाल पृथ्वी की निचली कक्षा में छोटे, कम वजन वाले और नैनो सेटेलाइट को प्रक्षेपित करने में किया जाएगा।

एस एस एल वी अंतरिक्ष में कम लागत के कई उपग्रह को छोड़ने में और कम से कम प्रक्षेपण बुनियादी ढांचे के साथ प्रक्षेपण मिशनों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पीएसएलवी की तुलना में एस एस एल वी की लागत लगभग 20 प्रतिषत से 30 प्रतिषत कम है।

## आजादी का पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी का पर्व अमर शहीदों के बलिदान, साहस और शौर्य को पुनः स्मरण का दिन है। देश के वीर सपूतों ने मातृभूमि को रक्त से सींचकर हमें स्वतंत्रता दिलाई है। मुख्यमंत्री कल शाम स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल के रवींद्र भवन सभागार में आयोजित "आजादी का महापर्व" सांस्कृतिक संध्या को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति एवं पर्यटन धर्मेन्द्र सिंह लोधी, उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुश्री पलक मुछाल और गायक पलाश मुछाल का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्वाधीनता संग्राम विषय पर आधारित 15 पुस्तकों का विमोचन किया गया। संस्कृति विभाग के कला पंचाग 2024—25 का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों के बलिदान, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित पुस्तकें देश और प्रदेश के लिए बड़ा दस्तावेज हैं।

## राजभवन समारोह

राष्ट्रीय उत्सव स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में समारोह का आयोजन हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य आमंत्रित अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं का पारस्परिक आदान—प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्व राजभवन पहुंच कर सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने आर्मी बैण्ड पचमढ़ी द्वारा स्वागत समारोह में दी गई शानदार प्रस्तुति के लिए सराहना की। बैंड लीडर मेजर डी. प्रभाकरन को ट्रॉफी, बैण्ड के प्रत्येक सदस्य के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम के

गुमनाम सेनानियों, वीरांगनाओं और वीरों के पोर्ट्रेट की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा किया गया था।

स्वतंत्रता दिवस जिले

प्रदेश में जिले से लेकर ग्रास स्तर तक कल स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खण्डवा जिले में मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाईन ग्राउण्ड में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ध्वजारोहण किया। श्री लोधी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र सैनानी का शॉल श्रीफल और फूलमाला से सम्मान किया। सिवनी जिलें में भी 78वॉ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी ली। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 206 अधिकारी–कर्मचारियों को सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बालाघाट में स्वतंत्रता दिवस बरसते मेघों के बीच मनाया गया। कलेक्टर मृणाल मीणा ने मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। श्योपुर में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम ढेगदा स्थित कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं के साथ मध्यान्ह भोजन किया गया। कटनी में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन झिंझरी में ध्वजारोहण किया गया।

अशोकनगर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्रांउड पुलिस लाईन में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया। डिंडौरी में स्वतंत्रता दिवस का जिले का मुख्य समारोह पुलिस परेड मैदान में आयोजित किया गया। भव्य एवं गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण किया। नीमच जिले के विभिन्न शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं तथा विद्यालयों में ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित कर ध्वजा–रोहण किया गया। जिला मुख्यालय नीमच पर स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रहे।

राष्ट्रपति–एट होम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल शाम राष्ट्रपति भवन में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रीतभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड शामिल हुए। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, डॉक्टर एस. जयशंकर, अश्विनी वैष्णव, पीयूष गोयल और शिवराज सिंह चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

अटल– पुण्य तिथि

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। प्रदेषभर में श्री वाजपेयी की पुण्य तिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि सभा और कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

आईएमए–गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद

कोलकाता के सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार एवं हत्या तथा उसके बाद हुई तोड़फोड़ के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ ने आज सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है।

चिकित्सा संस्था आईएमए ने एक बयान में कहा है कि आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी तथा आपातकालीन वार्ड चालू रहेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने आज पारसी नववर्ष–नवरोज के अवसर पर सभी नागरिकों, विशेषकर पारसी समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि नवरोज खुशी, उत्साह और विश्वास का प्रतीक है।
- प्रसिद्ध मिसाइल वैज्ञानिक डॉक्टर राम नारायण अग्रवाल का कल निधन हो गया। पद्म भूषण से सम्मानित डॉक्टर अग्रवाल ने मिसाइल–अग्नि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- मुख्यमंत्री ने दमोह में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान करंट लगने से एक कर्मचारी की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपयों की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।
- शिवपुरी जिले में मिलावट के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं उनसे खाद्य पदार्थों के सैंपल के 10 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए कुल 2 लाख 25 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है।
- अशोकनगर में हुई भारी बारिश से जिला मुख्यालय का कई ग्रामीण अंचल से संपर्क टूट गया है। अशोकनगर तूमेन मार्ग पर नाले में उफान आने से सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं दूसरी ओर अशोकनगर पिपरई मार्ग भी बंद हो गया है।

.....................................

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) भोपाल-आजादी का महापर्व- सांस्कृतिक संध्या**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी का पर्व अमर शहीदों के बलिदान, साहस और शौर्य को पुनः स्मरण का दिन है। देश के वीर सपूतों ने मातृभूमि को रक्त से सींचकर हमें स्वतंत्रता दिलाई है। मुख्यमंत्री कल शाम स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल के रवींद्र भवन सभागार में आयोजित "आजादी का महापर्व" सांस्कृतिक संध्या को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति एवं पर्यटन धर्मेन्द्र सिंह लोधी, उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुश्री पलक मुछाल और गायक पलाश मुछाल का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्वाधीनता संग्राम विषय पर आधारित 15 पुस्तकों का विमोचन किया गया। संस्कृति विभाग के कला पंचाग 2024-25 का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों के बलिदान, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित पुस्तकें देश और प्रदेश के लिए बड़ा दस्तावेज हैं।**

**बाईट-मुख्यमंत्री**

(2) भोपाल-राजभवन समारोह

राष्ट्रीय उत्सव स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में समारोह का आयोजन हुआ। राज्यपाल  मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य आमंत्रित अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं का पारस्परिक आदान-प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्व राजभवन पहुंच कर सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने आर्मी बैण्ड पचमढ़ी द्वारा स्वागत समारोह में दी गई शानदार प्रस्तुति के लिए सराहना की। बैंड लीडर मेजर डी. प्रभाकरन को ट्रॉफी, बैण्ड के प्रत्येक सदस्य के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम सेनानियों, वीरांगनाओं और वीरों के पोर्ट्रेट की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा किया गया था।

(3) प्रदेश-स्वतंत्रता दिवस

प्रदेश में जिले से लेकर ग्रास स्तर तक कल स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खण्डवा जिले में मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाईन ग्राउण्ड में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ध्वजारोहण किया। श्री लोधी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र सैनानी का शॉल श्रीफल और फूलमाला से सम्मान किया। सिवनी जिलें में भी 78वॉ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी ली। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 206 अधिकारी-कर्मचारियों को सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बालाघाट में स्वतंत्रता दिवस बरसते मेघों के बीच मनाया गया। कलेक्टर  मृणाल मीणा ने मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। श्योपुर में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम ढेगदा स्थित कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं के साथ मध्यान्ह भोजन किया गया।  कटनी में परिवहन

एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और  कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन झिंझरी में ध्वजारोहण किया गया। अशोकनगर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्रांउड पुलिस लाईन में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया।  डिंडौरी में स्वतंत्रता दिवस का जिले का मुख्य समारोह पुलिस परेड मैदान  में आयोजित किया गया। भव्य एवं गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण किया। नीमच  जिले के विभिन्न शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं तथा विद्यालयों में ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित कर ध्वजा-रोहण किया गया। जिला मुख्यालय नीमच पर स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रहे।

-----------------------------------